किंडरगार्टन

Public education
Discover a world of opportunities

राइटिंग और स्पेलिंग: घर पर सीखना

राइटिंग (लेखन) और स्पेलिंग महत्वपूर्ण हैं!

स्पीकिंग (बोलना) और लिसनिंग (सुनना) वे मूल हैं जिनपर राइटिंग, स्पेलिंग और रीडिंग (पठन) का निर्माण होता है। किंडरगार्टन जाने पर आपकी संतान इनका और अन्य योग्यताओं का विकास करती है। जैसे-जैसे स्पीकिंग और लिसनिंग में उनका आत्म-विश्वास बढ़ता है, वे राइटिंग के बारे में सीखना शुरू कर देते हैं।

मैं क्या कर सकता/सकती हूँ?

- नियमित रूप से अपनी संतान के साथ पढ़ें। मिलकर शब्दों और किताबों की खोज करें, और जब आप लिख रहे हों तो इस कार्य में उन्हें शामिल करें।
- जब आप मिलकर पढ़ते हैं, तो उनके साथ उन शब्दों के बारे में बात करें जिन्हें आप पढ़ते हैं। उदाहरणत:, तुकबंदी करने वाले शब्द जैसे कि: बैट और कैट, और शब्दों के शुरू में पैदा होने वाली आवाज़ के बारे में बात करें।
- अपनी संतान को प्रोत्साहित करें कि वह नोट्स, ई-मेल और शॉपिंग लिस्ट लिखने में आपकी मदद करे। पेन और पेंसिल तैयार रखें ताकि वे आपके साथ लिखने की कोशिश कर सकें।
- मिलकर शब्दों के खेल खेलें जैसे कि जानवर का नाम और उसकी तस्वीर का मेल करना।
- अपनी संतान द्वारा निर्मित शब्दों और ड्राइंग को प्रदर्शित करें। उनके लिए टिप्पणियाँ लिखें जैसे कि: *मुझे तुमपर बहुत गर्व है!*

यदि आपकी संतान कोई अन्य भाषा या बोली बोलती है, तो उन्हें अंग्रेज़ी भाषा की ध्वनियों को सुनने के लिए समय की ज़रूरत होती है। ऐसा हो सकता है कि ये सब ध्वनियाँ सुनने और बोलने में उन्हें दो साल तक का समय लगे।

टेलीविज़न बंद कर दें। अगर कोई रोक-टोक न हो तो आपकी संतान के लिए ध्यान लगाना अधिक आसान होता है।

- अपनी संतान की मदद करें कि वह अपने नाम की पहचान कर सके। उन्हें अपने नाम की सबसे पहली आवाज़ को सुनने के लिए कहकर इसकी शुरूआत करें।
- उनके नाम के पहले अक्षर के बारे में बात करें। उन्हें दूसरे स्थानों में उस अक्षर को देखने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें अपने नाम में अक्षरों को लिखने में मदद करें।
- डिनर बनाते समय उनसे सवाल पूछें जैसे कि: *क्या आप किचन में अपने नाम की शुरूआत के समान आवाज़ से शुरू होने वाली कोई चीज़ ढूँढ सकते हो?*
- उन अक्षरों व शब्दों की तलाश करते हुए मिलकर समय बितायें जिनके बारे में आपकी संतान को पता है। आप ऐसा घर, कार, दुकानों और प्लेग्राउंड में कर सकते/सकती हैं।
- सीखने के काम को मनोरंजक बनाए रखें!

विकलांगता से ग्रस्त बच्चे को आम-तौर पर उस समय लाभ पहुँचता है और उस दौरान घनिष्ठ संपर्क और प्रोत्साहन से आनन्द मिलता है जब उसे उसकी मनपसंदीदा कहानियाँ पढ़कर सुनाई जाती हैं या उसके साथ बाल कविता गाई जाती है। यदि आपकी संतान विकलांगता से ग्रस्त है, तो उनके अपनी क्षमता के अनुरूप स्तर की गतिविधियों में भाग लेने में स्कूल उनकी मदद करता है। अपनी और अपनी संतान की मदद हेतु उचित साधनों, उपकरणों और सुझावों के बारे में अपनी संतान के टीचर से बात करें।

THE GOVERNMENT OF WESTERN AUSTRALIA
Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी
education.wa.edu.au
पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015
CC BY